दिनांकः 18.02.2025 समय : 1830 पीएम

- राज्य का वित्तीय वर्ष 2025–26 का बजट कल–उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री दिया कुमारी विधानसभा में सुबह 11 बजे बजट पेश करेंगी।
- केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने कहा–देश को 2047 तक जल सुरक्षित राष्ट्र बनाने की दिशा में प्रभावी कार्य योजना पर अमल किया जा रहा है।
- राजस्थान सहित 26 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के 152 शहरों के लिए आज से नक्शा प्रोजेक्ट लागू–शहरी सम्पत्ति के मानचित्रण के साथ ही सम्पत्ति रिकॉर्ड दुरूस्त होगा।
- राइजिंग राजस्थान के तहत खनन क्षेत्र के 30 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू की क्रियान्विती के लिए समीक्षा बैठक हुई।

**000**

राज्य का वित्तीय वर्ष 2025–26 का बजट कल पेश किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री दिया कुमारी विधानसभा में सुबह 11 बजे बजट प्रस्तुत करेंगी। इससे पहले उन्होंने आज बजट को अंतिम रूप दिया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव अखिल अरोड़ा, प्रमुख शासन सचिव देबाशीष पृष्टी, शासन सचिव नवीन जैन, शासन सचिव कुमारपाल गौतम और निदेशक, बजट बृजेश किशोर शर्मा मौजूद रहे। मौजूदा राज्य सरकार के कार्यकाल का ये दूसरा बजट है। बजट में युवा, किसान और महिलाओं के लिए कई घोषणाओं की उम्मीद है। भीलवाडा जिले के एक किसान ने अपनी अपेक्षाएं साझा करते हुए कहा कि बजट में किसान क्रेडिट कार्ड में ऋण माफी और खाद, बीज समय पर उपलब्ध कराने के बारे में घोषणा की जानी चाहिए।

.............

पाली से सीए कर रही छात्रा लहर ने रोहट में बने फ्रेट कॉरिडोर में जल्द से जल्द उद्योग लगाने की उम्मीद जताई है।

000

केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने कहा है कि देश को 2047 तक जल सुरक्षित राष्ट्र बनाने के लिए प्रभावी कार्य योजना पर काम किया जा रहा है। उन्होंने आज उदयपुर में वाटर विजन सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि संशोधित पी.के.सी. लिंक परियोजना से आने वाले समय में राजस्थान को बड़ी मात्रा में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। उन्होंने जल जीवन मिशन को जल संकट चुनौतियों से निपटने का असरदार माध्यम बताया। श्री पाटिल ने कहा कि मिशन के तहत देश के 15 करोड़ घरों में पीने का साफ पानी उपलब्ध करवाया जा रहा है।
केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि बारिश के पानी को इकट्ठा करने के लिए वॉटर हारवेस्टिंग स्ट्रक्चर बनाए जा रहे हैं।

.............

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि जल संरक्षण के उपायों को अपनाकर ही जल आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ा सकता है। जल आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को पूरा करने के लिए सुव्यवस्थित रोड मैप की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इसमें कृषि और शहरी जल प्रबंधन तथा तकनीकी नवाचार के पहलुओं का भी समावेश होना चाहिए।

.............

इसके बाद, केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री ने महाराणा प्रताप गौरव केन्द्र परिसर में बोरवैल कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान के तहत जल संचय–जनभागीदारी के अंतर्गत इसकी शुरूआत की गई। कार्यक्रम में ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी और त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा, केन्द्रीय जल शक्ति राज्यमंत्री राजभूषण चौधरी, राज्य के जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत और विभिन्न राज्यों के जल संसाधन मंत्री मौजूद रहे।

000

चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया गया है। श्री कुमार केरल कैडर के 1988–बैच के पूर्व आईएएस अधिकारी हैं। वे संसदीय कार्य मंत्रालय में सचिव भी रहे हैं। वहीं, डॉ विवेक जोशी को नया चुनाव आयुक्त बनाया गया है।

000

राजस्थान सहित 23 राज्यों और तीन केन्द्रशासित प्रदेशों के 152 शहरों में आज से नक्शा प्रोजेक्ट की शुरूआत हुई। केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्यप्रदेश के रायसेन से इस देशव्यापी नक्शा परियोजना पायलट कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नक्शा कार्यक्रम से संपत्ति का मानचित्रण होगा और संपत्ति रिकॉर्ड को दुरुस्त किया जा सकेगा। इसके साथ भूमि विवादों को कम करने में भी मदद मिलेगी।

.............

नक्शा प्रोजेक्ट का राज्य स्तरीय कार्यक्रम जयपुर में हुआ। इसमें नगरीय विकास और आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि इस परियोजना से शहरी क्षेत्र की सम्पत्तियों का सटीक सीमांकन हो सकेगा। शहरी विकास क्षेत्र में जमीन से जुडी प्रक्रिया पारदर्शी होगी। इसके साथ ही लोग अपनी सम्पत्ति की जानकारी ऑनलाइन देख सकेंगे। राज्य में इस प्रोजेक्ट के लिए भिवाड़ी, बगरु, बहरोड़, किशनगढ, ब्यावर, और नाथद्वारा सहित दस शहरों का चयन किया गया है। इनमें ड्रोन सर्वेक्षण के जरिए डिजिटल मैपिंग के बाद भूमि अधिकार अभिलेख को डिजिटाइज़ किया जाएगा।

000

राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के दौरान खनन क्षेत्र से जुड़े 30 हजार करोड रुपये से अधिक के एमओयू धरातल पर उतरना शुरू हो गए हैं। खान विभाग के प्रमुख शासन सचिव, टी. रविकान्त ने बताया कि इनमें से एक हजार करोड़ रुपए से अधिक के 20 एमओयू हैं। वहीं सौ करोड़ से एक हजार करोड़ रुपये तक के 25 एमओयू शामिल हैं। श्री रविकांत ने समिट के दौरान माइनिंग क्षेत्र के लिए हुए एमओयू की प्रगति की आज समीक्षा की। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से निवेशकों के साथ लगातार सीधा संवाद किया जा रहा है।

000

दौसा बाइपास पर आज कार और ट्रेलर की टक्कर में पांच लोगों की मृत्यु हो गई और दो घायल हो गये। दौसा पुलिस उपाधीक्षक रवि प्रकाश शर्मा ने बताया कि कार सवार लोग प्रयागराज महाकुंभ से लौट रहे थे।

............

महाकुंभ से लौटते समय हुई एक अन्य दुर्घटना में भरतपुर के नदबई क्षेत्र के तीन लोगों की उत्तर प्रदेश के इटावा में सड़क हादसे में मौत हो गई। दुर्घटना कार और ट्रक की टक्कर से हुई। इसमें दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उधर, बीकानेर के नोखा इलाके में एक सरकारी स्कूल में पानी के टैंक में गिरने से तीन छात्राओं की मृत्यु हो गई। ये छात्राएं खेलते समय पानी के टैंक में गिर गई थीं।

000

प्रदेश में चल रही वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत पाली से आज निःशुल्क भारत गौरव ट्रेन रवाना हुई। इसमें 776 यात्री हैं। ये अयोध्या, हरिद्वार और ऋषिकेश जाएंगे। देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त ने रेल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान रेलवे स्टेशन पर उत्सव का माहौल नजर आया। ढोल नगाडों की थाप के साथ इस सजी धजी ट्रेन को रवाना किया गया। यात्री हनुमान भाटी ने वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क तीर्थ यात्रा की सुविधा देने के लिए राज्य सरकार का आभार जताया है।

000

प्रदेश में कल से मौसम में बदलाव आया है। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से बीते 24 घंटों में जयपुर, जोधपुर और बीकानेर संभाग में कई स्थानों पर बूंदाबांदी और हल्की बारिश दर्ज हुई। बीकानेर, श्रीगंगानगर, जैसलमेर और बाड़मेर जिलों में भी बादल छाए रहे और कई इलाकों में तेज रफ्तार से हवाएं चलीं। विक्षोभ का प्रभाव अगले दो दिनों तक बने रहने की संभावना है। इसके असर से शेखावाटी क्षेत्र में कल हल्की बरसात के आसार हैं। इसके साथ ही तेज हवाएं भी चल सकती हैं।

000